जगमग ज्योत जले माँ तेरी

जगमग ज्योत जले माँ तेरी जगमग ज्योत जले,
तेरी ज्योत जगाकर मैया मन का फूल खिले,
जगमग ज्योत जले माँ तेरी जगमग ज्योत जले......

जब मै खोलू अखिया अपनी तब हो दर्शन तेरा,
तेरी मूरत देख के मैया सच हो सपना मेरा,
पड़ी रहू दिन रात भवानी ममता की छाव तले,
जगमग ज्योत जले माँ तेरी जगमग ज्योत जले.....

सात रंग की ज्योति वाला जग में नूर निराला,
कही दिखे तू छोटे रुप में कही दिखे तू ज्वाला,
तू जिसको वर देती भवानी टला नही टले,
जगमग ज्योत जले माँ तेरी जगमग ज्योत जले.......

जब आव्हान करू मै तेरा दरश मुझे दिखलाना,
इस बालक भक्त के सब दुःख दर्द मिटाना,
सुबह श्याम मै नाम तेरा तेरा ही नाम जपु,
जगमग ज्योत जले माँ तेरी जगमग ज्योत जले......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32349/title/jagmag-jyot-jale-maa-teri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |